
# बंगाल पर नजर उठाई तो पाक के हिस्से टूटेंगे

## पाकिस्तान के मंत्री आसिफ की धमकी पर रक्षा मंत्री राजनाथ की दो टूक

**कोलकाता, 08 अप्रैल. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ द्वारा कोलकाता पर हमले की धमकी पर मंगलवार को कड़ा जवाब दिया। राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर पाकिस्तान ने बंगाल की ओर भी नजर उठाई, तो इसका अंजाम केवल भगवान ही जान सकते हैं.**

उन्होंने इतिहास 1971 का उदाहरण देते हुए याद दिलाया कि जब पाकिस्तान ने उस समय बंगाल पर नजर उठाई थी, तो उसके दो हिस्से बन गए -पाकिस्तान और बांग्लादेश. सिंह ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि उसे भारत



की संप्रभुता को चुनौती देने की भूल नहीं करनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी निशाना साधा और उनकी सरकार पर तुष्टीकरण की राजनीति, कुशासन और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए. बैरकपुर रोड शो के दौरान राजनाथ ने टीएमसी परआरोप लगाया कि उन्होंने समाज को जाति और धर्म के आधार पर विभाजित किया, जबकि राजनीति न्याय और समानता पर आधारित होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बार पूरे बंगाल से तृणमूल कांग्रेस का सफाया होने वाला है। बैरकपुर में भाजपा रोड शो के दौरान राजनाथ सिंह ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी तीखा हमला किया। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी ने राज्य में तुष्टीकरण की राजनीति की, घुसपैठ को बढ़ावा दिया और कुशासन और भ्रष्टाचार के दौर में राज्य को धकेला. सिंह ने कहा कि टीएमसी का मतलब अब टोटल मिसरूल एंड करप्शन है.

### राजनीति में न्याय मानवता और समानता का मार्ग

सिंह ने मालदा में न्यायिक अधिकारियों के घेराव और सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का जिक्र करते हुए कहा कि न्यायिक मजिस्ट्रेटों को भी बंधक बनाया गया था। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस बार पूरे बंगाल से तृणमूल कांग्रेस का सफाया होने वाला है और राजनीति में न्याय, मानवता और समानता का मार्ग अपनाया जाएगा.

# यूनान को 75 करोड़ डॉलर की तोपखाना प्रणाली देगा इजरायल

**तेल अवीव, 07 अप्रैल** इजरायल यूनान को लगभग 75 करोड़ डॉलर मूल्य की पीयूएलएस (प्रिसाइज एंड यूनिवर्सल लॉन्चिंग सिस्टम) रॉकेट आर्टिलरी प्रणालियां उपलब्ध कराएगा. यह जानकारी इजरायल रक्षा मंत्रालय ने दी है. मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी बयान के अनुसार यूनान की राजधानी एथेंस में रक्षा मंत्रालय में आयोजित एक समारोह में दोनों देशों के बीच यह महत्वपूर्ण रक्षा निर्यात समझौता संपन्न हुआ, जिसके तहत यूनान की सशस्त्र सेनाओं को पीयूएलएस प्रणाली की आपूर्ति की जाएगी.

# भारत के राजा सिर्फ राम, दूसरा कोई नहीं : योगी

### संत मलूकदास महाराज की 452वीं जयंती

**मथुरा 7 अप्रैल. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि भारत के सनातन राजा केवल प्रभु श्री राम हैं और उनके अलावा कोई दूसरा नहीं हो सकता.**

वृंदावन में संत मलूकदास महाराज की 452वीं जयंती के अवसर पर आयोजित महोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संत समाज को संबोधित करते हुए न केवल भक्ति मार्ग की महिमा बताई, बल्कि विरासत और विकास के मुद्दे पर विरोधियों को भी आड़े हाथों लिया. मंच से जनचेतना जागृत करते हुए मुख्यमंत्री ने गोस्वामी तुलसीदास का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा



कि लोग कहते हैं कि तुलसीदास जी एक गरीब ब्राह्मण थे, लेकिन सत्य तो यह है कि वे स्वाभिमान के प्रतीक थे. उन्होंने मुगल काल के सबसे शक्तिशाली बादशाह के प्रस्ताव को यह कहकर ठुकरा दिया था कि वह किसी सांसारिक बादशाह को नहीं जानते.

### संत परंपरा ने हर दौर में बचाए भारतीय मूल्य : योगी

**मथुरा.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत की संत परंपरा ने हर कठिन दौर में समाज को सही दिशा दी और सांस्कृतिक मूल्यों को अक्षुण्ण बनाए रखा। सीताराम निकुंज अष्टयाम लीला महोत्सव के अवसर पर योगी ने संत परंपरा, सनातन संस्कृति और भारतीय आध्यात्मिक विरासत पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जगद्गुरु मूलकदास जी महाराज ने वैष्णव परंपरा के रामानंदी संप्रदाय को अंगीकार कर जनचेतना को जागृत किया.

# बिहार-यूपी में 72 घंटे का अलर्ट, मौसम का मिजाज बदला

**नई दिल्ली, 7 अप्रैल. देशभर में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया है, जिससे कई राज्यों में जनजीवन प्रभावित हो रहा है.**

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली समेत कई इलाकों के लिए अगले 72 घंटों का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, इस समय कई वेदर सिस्टम एक साथ सक्रिय हैं। पश्चिमी विक्षोभ के साथ-साथ बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाएं उत्तर और पूर्वी भारत में तेज बारिश, आंधी और ओलावृष्टि की स्थिति बना रही हैं। कई इलाकों में हवाओं की रफ्तार 80 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है, जिससे नुकसान की आशंका बढ़ गई है। दिल्ली-एनसीआर में भी बादल छाए रहने, हल्की बारिश और तेज हवाओं की संभावना जताई गई है।

वहीं बिहार और उत्तर प्रदेश के कई जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है, जहां बिजली गिरने और तेज आंधी की चेतावनी दी गई है। राजधानी दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में भी मौसम अस्थिर बना हुआ है। यहां आंशिक बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है.

# विश्व गुरु बनकर दुनिया को राह दिखाएगा भारत

## सत्य के मार्ग पर चलकर ही एक सुंदर दुनिया का निर्माण संभव है : भागवत

**मथुरा 7 अप्रैल. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी अशांति के बीच अब वह समय आ गया है जब भारत विश्व गुरु बनकर दुनिया को सुख और शांति का नया मार्ग दिखाएगा.**

उन्होंने कहा कि संतों के संतत्व, आध्यात्मिक प्रेरणा और सत्य के मार्ग पर चलकर ही एक सुंदर दुनिया का निर्माण संभव है। भागवत ने स्पष्ट किया कि संघ इस पावन लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संतों के साथ मिलकर निरंतर प्रयास करेगा। मंगलवार को वृंदावन के



वंशीवट क्षेत्र स्थित मलूक पीठ में संत मलूकदास महाराज के 452वें जयंती महोत्सव को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कि आज पूरी दुनिया को भारत के प्रकाश की आवश्यकता है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि हमारी रीति और नीति पूरी तरह से आध्यात्मिक परंपराओं पर आधारित होनी चाहिए.

मलूक पीठ के महंत राजेंद्र दास महाराज द्वारा गौ-हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग का समर्थन करते हुए संघ प्रमुख ने एक व्यावहारिक मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि कानून से ज्यादा समाज की शक्ति प्रभावी होती है. उन्होंने कहा, समाज को इतना गौ-भक्त बना दो कि गौ-हत्या अपने आप रुक जाए। लोगों को इसके लिए सामर्थ्यवान बनाना होगा. जिस तरह श्रीराम मंदिर के लिए पूरे देश में एक सशक्त जनभावना दिखी थी, वैसी ही भावना गाय के प्रति जगानी होगी.

### आज का इतिहास

1801- रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में हुई हिंसा में 128 यहूदियों की मौत।1831 प्रसिद्ध समाज सुधारक राजा राम मोहन राय इग्लैंड पहुंचे।

1857-भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत, मंगल पांडे को बैरकपुर में फांसी दी गई.

1859- जर्मन फिलॉस्फर एडमंड हुसेरेल का जन्म। उन्हें फिनॉमलॉजी का जनक माना जाता है

1892- प्रसिद्ध कनाडाई-अमेरिकी मूक फिल्म अभिनेत्री मैरी पिकफोर्ड का जन्म.

# मणिपुर में शांति के कोई संकेत नजर नहीं आ रहे : राहुल गांधी

**नई दिल्ली 07 अप्रैल. कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मणिपुर में हुए हिंसक घटना पर सोशल मीडिया के माध्यम से गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार पर हमला बोला है.**

गांधी ने कहा कि बीएसएफ जवान के घर में सोते हुए दो मासूम बच्चों की हत्या की खबर दिल को चीर देने वाली है। मणिपुर में पिछले तीन साल से जारी हिंसा की आग में आज भी निर्दोष बच्चे झुलस रहे हैं और शांति के कोई संकेत नजर नहीं आ रहे।

उन्होंने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार



इस मुद्दे पर संवेदनहीन बनी हुई है और मानो यह भूल चुकी है कि मणिपुर के बच्चे भी देश का भविष्य हैं। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर सरकार कब जागेगी और कब तक मणिपुर के लोग अपने ही लोगों की लाशें गिनते रहेंगे.

# श्री गुरु तेग बहादुर के प्रकाश पर्व पर आस्था का सैलाब

### गुरु चरणों में शीश नवाकर लिया आशीर्वाद

**अमृतसर, 7 अप्रैल. दरबार साहिब में सिखों के नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी के प्रकाश पर्व पर आस्था का विशाल सैलाब उमड़ पड़ा.**

देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु इस पावन अवसर पर यहां पहुंचे और गुरु चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद लिया. श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में स्नान किया, गुरबाणी कीर्तन सुना और पूरे श्रद्धाभाव के साथ अरदास की। दरबार साहिब परिसर को फूलों और रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण



आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। इस अवसर पर श्री अकाल तख्त साहिब और अन्य गुरुद्वारों में विशेष जलौ सजाए गए, जिनमें ऐतिहासिक और बहुमूल्य वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया. लंगर और छबील सेवा के माध्यम से भाईचारे और सेवा की भावना भी देखने को मिली. रोशनी और फूलों से सजे इस ऐतिहासिक स्थल की छटा देखते ही बन रही थी। श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में स्नान कर अपने दिन की शुरुआत की और उसके बाद गुरबाणी कीर्तन में भाग लिया। इस मौके पर श्री अकाल तख्त साहिब और गुरुद्वारा बाबा अटल राय साहिब समेत अन्य गुरुद्वारों में विशेष जलौ सजाए गए.

# पूरे राज्य को अनपढ़ कहना दुर्भाग्यपूर्ण : रविशंकर प्रसाद

### भाजपा का खरगे के बयान पर पलटवार, माफी मांगने को कहा

**नई दिल्ली, 07 अप्रैल.** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के गुजरात के



लोगों के अनपढ़ वाले बयान पर तीखा हमला बोलकर घेरा. भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में श्री खरगे से माफी की मांग करते हुए उनके बयान को अशोभनीय और आपत्तिजनक बताया। श्री प्रसाद ने कहा कि किसी राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष द्वारा पूरे राज्य को अनपढ़ कहना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने सवाल किया कि क्या महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल, विक्रम साराभाई और मोरारजी देसाई जैसे महान व्यक्तित्व भी अनपढ़ थे.

# पाताल से भी पवन खेड़ा ढूंढ लाएंगे : हिमंता सरमा

### खड़गे जी पागलों जैसी बातें करते हैं : सीएम सरमा

### हमें डराने की कोशिश मत करो . यह असम है

**नई दिल्ली, 08 अप्रैल. असम में कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा के आरोपों के बाद सियासी बवाल खड़ा हो गया है. अब खुद मुख्यमंत्री सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने मोर्चा संभालते हुए कांग्रेस नेता पर जमकर निशाना साधा है.**

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा को चेतावनी देते हुए कहा असम पुलिस पाताल से भी ढूंढ लाएगी। दिल्ली में असम पुलिस के उनके आवास पर छापे के दौरान पवन खेड़ा घर पर नहीं मिले। सीएम ने कहा कि पुलिस उन्हें पाताल से भी खोजकर ला सकती है.उन्होंने आरोप लगाया कि दस्तावेज संभवत: राहुल गांधी द्वारा पवन खेड़ा को दिए



गए हैं और इस मामले की आंच कांग्रेस नेतृत्व तक पहुंचेगी.

**पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि कोई भी आरोप लगाने से पहले उन्हें विदेश मंत्री से पूछना चाहिए था. उन्होंने कहा कि खड़गे जी की उम्र हो गई है. फिर भी वह पागलों जैसी बातें करते हैं.

मुझे शक है कि राहुल गांधी ने ही उन्हें ये दस्तावेज दिए हैं. इसलिए इस मामले की आंच राहुल गांधी तक पहुंचेगी. हमें डराने की कोशिश मत करो. यह असम है. हमने 17 बार इस्लामी आक्रमण के खिलाफ लड़ाई लड़ी है.

### राज्य बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से जूझ रहा

**तिरूवनंतपुर.** कांग्रेस महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने केरल में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन मंगलवार को वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार पर जोरदार हमला किया. उन्होंने कलपेट्टा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य भारी कर्ज, बढ़ती बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से जूझ रहा है, जबकि जनता की समस्याओं के समाधान में राज्य एवं केंद्र दोनों सरकारें विफल रही हैं. उन्होंने कहा कि वायनाड की समस्याओं को उठाने के बावजूद एलडीएफ सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार से अपेक्षित सहयोग नहीं मिला.



### मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ प्रस्ताव खारिज

**नई दिल्ली.** राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष के महाअभियोग के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। राज्यसभा सचिवालय ने सोमवार देर शाम एक बुलेटिन जारी कर बताया कि सभापति ने इस प्रस्ताव पर विचार करने के बाद न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 की धारा 3 के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त प्रस्ताव की सूचना को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है. यह प्रस्ताव तृणमूल कांग्रेस की ओर से 12 मार्च को दिया गया था और इस पर विपक्ष के 63 सदस्यों ने हस्ताक्षर किये थे। राज्यसभा के बुलेटिन में कहा गया है कि प्रस्ताव की सूचना पर विधिवत विचार करने तथा संबंधित सभी पहलुओं और मुद्दों का सावधानीपूर्वक एवं निष्पक्ष मूल्यांकन करने के पश्चात सभापति ने न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 की धारा 3 के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त प्रस्ताव की सूचना को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है.

# यूपी में 21 आईएएस अफसरों का तबादला

**लखनऊ, 7 अप्रैल.** उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा बदलाव करते हुए 21 प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों का तबादला कर उन्हें अलग-अलग जिलों में तैनात किया गया है। ये सभी अधिकारी 2025 बैच के हैं और लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। प्रोफेशनल कोर्स फेज-1 की समाप्ति के बाद इन अधिकारियों को सहायक मजिस्ट्रेट और सहायक कलेक्टर के पद पर नियुक्त किया जाएगा। उनकी तैनाती 17 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगी। राज्य सरकार के अनुसार, यह कदम प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने और युवा अधिकारियों को फील्ड अनुभव देने के उद्देश्य से उठाया गया है.

# अच्छा स्वास्थ्य है सच्ची समृद्धि : केजरीवाल

**नई दिल्ली, 7 अप्रैल. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं.**

केजरीवाल ने स्वास्थ्य कर्मियों के निस्वार्थ समर्पण को विशेष रूप से सलाम किया और कहा कि उनका योगदान समाज और राष्ट्र के स्वास्थ्य सुधार में अतुलनीय है. केजरीवाल ने कहा कि अच्छा स्वास्थ्य ही सच्ची समृद्धि है और हमें एक ऐसा भारत बनाने की दिशा में प्रयास करना चाहिए जहाँ हर नागरिक को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएँ मिलें. उन्होंने विशेष रूप से यह संदेश दिया कि किसी व्यक्ति को आर्थिक कारणों से इलाज से वंचित नहीं रहना



चाहिए। उन्होंने इस अवसर पर देशवासियों से आह्वान किया कि वे मिलकर स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ाएँ और सुनिश्चित करें कि सभी को मूलभूत स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध हों. उनके संदेश ने न केवल स्वास्थ्य कर्मियों का मनोबल बढ़ाया, बल्कि नागरिकों के बीच स्वास्थ्य सुरक्षा के महत्व को भी रेखांकित किया.विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने देशवासियों को शुभकामनाएँ दी.

स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत सभी कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया। केजरीवाल ने कहा कि स्वास्थ्य ही किसी राष्ट्र की सबसे बड़ी संपत्ति है और इसे सुदृढ़ करना हमारा सामूहिक दायित्व है. उन्होंने अपने संदेश में यह भी कहा कि अच्छा स्वास्थ्य ही सच्ची समृद्धि है। केजरीवाल ने देशवासियों से आग्रह किया कि वे एक ऐसा भारत बनाने में सहयोग करें जहाँ हर व्यक्ति को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएँ प्राप्त हों और कोई भी आर्थिक तंगी के कारण इलाज से वंचित न रह जाए। उन्होंने विशेष रूप से स्वास्थ्य कर्मियों की निस्वार्थ सेवा की सराहना करते हुए कहा कि उनका समर्पण समाज के लिए प्रेरणादायक है और संकट की घड़ी में उनका योगदान अमूल्य है.

### 'नफरती भाषण' के खिलाफ खरगे पर शिकायत दर्ज

**गुवाहाटी.** असम की राजनीति में चुनाव से ठीक पहले खरगे बयानबाजी को लेकर विवाद तेज हो गया है। भारतीय जनता पार्टी की राज्य इकाई ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ 'नफरती भाषण' देने का आरोप लगाते हुए पुलिस और राज्य चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। भाजपा का कहना है कि खरगे



ने चुनावी रैली के दौरान ऐसे बयान दिए, जो न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत करते हैं, बल्कि सामाजिक सद्भाव के लिए भी खतरा पैदा करते हैं। पार्टी ने इस मामले में तत्काल कानूनी कार्रवाई की मांग की है। चुनाव से पहले इस विवाद ने राज्य की राजनीति को और गरमा दिया है। भाजपा जहां इसे सांप्रदायिक और विभाजनकारी बयान बता रही है, वहीं कांग्रेस की ओर से अभी तक इस पर विस्तृत प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। भाजपा प्रवक्ता प्रांजल कलिता ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा पर प्रतिबंध लगाने की मांग राजनीतिक असहिष्णुता का संकेत है और यह कांग्रेस नेतृत्व की सोच को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बयान हिंदू आस्था और परंपराओं का अपमान है, जो समाज में तनाव पैदा कर सकता है। भाजपा ने गुवाहाटी के बसिष्ठ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही राज्य चुनाव आयोग को भी शिकायत सौंपकर चुनावी आचार संहिता के उल्लंघन का मुद्दा उठाया गया है। पार्टी का यह भी कहना है कि कांग्रेस राजनीतिक लाभ के लिए धार्मिक मुद्दों का इस्तेमाल कर रही है और सनातन संस्कृति को कमजोर करने की कोशिश कर रही है.

### चुनाव आयोग ने धार्मिक संस्थाओं को नहीं बख्शा

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में विचाराधीन मतदाताओं की पूरी सूची जारी किए जाने के बाद मंगलवार को चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि राज्य में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान धार्मिक



और धर्मार्थ संस्थाओं के सदस्यों को भी नहीं बख्शा गया है। सुश्री बनर्जी ने नदिया और उत्तर 24 परगना में तीन चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए आयोग पर निशाना साधा और कहा कि यह प्रक्रिया चुनिंदा तरीके से संचालित की जा रही है। उन्होंने विशेष रूप से रामकृष्ण मठ, रामकृष्ण मिशन और मिशनरीज ऑफ चैरिटी का जिक्र करते हुए इन संस्थानों से जुड़े नामों को हटाए जाने पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने दावा किया कि मिशनरीज ऑफ चैरिटी से जुड़े लगभग 300 लोगों के नाम मतदाता सूची से काट दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे यह सुनकर गहरा दुख हुआ है कि इन संस्थाओं में सेवा करने वाले लोगों के नाम हटा दिए गए हैं। यहाँ तक कि रामकृष्ण मठ और मिशन के संन्यासियों को भी नहीं छोड़ा गया। आयोग की ओर से सोमवार देर रात जारी आंकड़ों के अनुसार, राज्य भर में कुल 60 लाख, छह हजार, 675 लोगों के नाम विचाराधीन श्रेणी में रखे गए थे। इनमें से 32 लाख, 68 हजार, 119 व्यक्तियों (54 .4 प्रतिशत) को पात्र पाया गया और उनके नाम सूची में बरकरार रखे गए, जबकि 27 लाख, 16 हजार, 393 व्यक्तियों (45 .2 प्रतिशत) को अपात्र घोषित कर सूची से हटा दिया गया है। इस नई पूरक सूची के साथ, सात अप्रैल तक हटाए गए नामों की कुल संख्या 90 लाख, 83 हजार, 345 तक पहुँच गई है.

## प्रेस कांफ्रेस

### 16,000 वैज्ञानिक लैब टू लैंड मॉडल से किसानों तक तकनीक पहुंचाएंगे :शिवराज

# किसानों के लिए नया रोडमैप तैयार

**जयपुर/ नई दिल्ली,7 अप्रैल. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज जयपुर में आयोजित रीजनल कृषि कॉन्फ्रेंस के बाद बताया कि अब पूरे देश को विभिन्न एग्रोक्लाइमेटिक जोनों में बाँटकर हर राज्य के लिए अलग कृषि रोडमैप बनाया जाएगा.**

सभी किसानों को फार्मर आईडी से जोड़कर खाद, बीज, फसल बीमा और मुआवजा वितरण की पूरी प्रणाली को पारदर्शी और लक्षित किया जाएगा, राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-तिलहन के अंतर्गत 2024-25 में



429.89 लाख टन के रिकॉर्ड उत्पादन और उत्पादकता में हुई बढ़ोतरी को और आगे बढ़ाते हुए 39.2 मिलियन टन से 69.7 मिलियन टन तक ले जाने का लक्ष्य तय किया गया है.

जबकि दलहन मिशन के तहत बीज उत्पादन, दाल मिलों की स्थापना, नई बीज किस्मों को सीड चेन में लाने तथा इच्छुक किसानों से 100 प्रतिशत खरीद के माध्यम से देश को दालों में भी मजबूत आत्मनिर्भरता की ओर ले जाया जाएगा.

खरीफ और रबी के लिए केवल राष्ट्रीय स्तर पर एक कॉन्फ्रेंस होती थी जिसमें समयाभाव से विस्तार से चर्चा नहीं हो पाती थी. उन्होंने कहा कि अब देश को पाँच एग्रो-क्लाइमेटिक जोनों में बाँटकर पाँच रीजनल कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएँगी, जिनमें हर राज्य की जलवायु, मिट्टी, पानी और उपलब्ध संसाधनों के आधार पर अलग कृषि रोडमैप तैयार किया जाएगा और उसी के अनुसार यह तय होगा कि किस इलाके में कौन-सी फसल, कौन-सी किस्म और कौनसी कृषि पद्धति सर्वोत्तम होगी.

प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि यह देश की पहली रीजनल कॉन्फ्रेंस है.